## कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कक्ष भू–प्रबंध), सतपुड़ा भवन, मध्यप्रदेश, भोपाल

क्रमांक/एफ–1/ FP/MP/MIN/44238/2020/ 2262 भोपाल, दिनांक 16/07/2020

प्रति,

श्री एम.डी.साबीर
एरिया जनरल मेनेजर,
वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ,
कन्हान एरिया पो.–डुंगरिया तहसील जामई, जिला छिन्दवाड़ा,
मध्य प्रदेश।

विषय:– वन (संरक्षण) अधिनियम 1980 के अन्तर्गत आवेदक संस्थाओं द्वारा नोडल अधिकारी स्तर पर प्राप्त होने वाले ऑनलाईन प्रस्ताव के संबंध में - Tandsi Mine (206.826)

संदर्भ:– इस कार्यालय का पत्र क्र./एफ–1/ FP/MP/MIN/44238/2020/1733 दिनांक 05/6/20

—0—

विषयांकित प्राप्त ऑनलाईन प्रस्ताव फार्म–ए का परीक्षण करने पर प्रस्ताव में पुनः निम्न कमियों कि पूर्ति होना नहीं पाई गई है:–

1. अनु.क्र. C. (ii) (a) इस बिन्दु के संबंध में उप क्षेत्रीय प्रबंधक, तानसी उपक्षेत्र, WCL द्वारा अपने पत्र क्रमांक 1181 दिनांक 17/6/2020 से अवगत कराया है कि आवेदित वनक्षेत्र की KML File अपलोड कर दी गई है परन्तु आनलाईन प्रस्ताव क्रमांक FP/MP/MIN/44238/2020 के फार्म–ए का परीक्षण करने पर KML file इस बिन्दु में अपलोड होना नहीं पाई गई है।
2. अनु.क्र. M-2 (vii) में इस बिन्दु के संबंध में उप क्षेत्रीय प्रबंधक, तानसी उपक्षेत्र, WCL द्वारा अपने पत्र क्रमांक 1181 दिनांक 17/6/2020 से अवगत कराया है कि रकबा 373 हेक्टयर के स्थान पर आवेदित वनक्षेत्र की आउटर बाऊण्डी की KML File अपलोड कर दी गई है । आनलाईन परीक्षण में इस बिन्दु में आवेदित रकबा 206.826 हेक्टयर के स्थान पर 199.41 हे. की KML File अपलोड होना पाया गया है।
3. Additional information Details में आपके संस्थान का उक्त संदर्भित पत्र क्रमांक 1181 दिनांक 17/6/2020 अपलोड है परन्तु प्रस्तावित भूमि को अधिसूचित करने बाबत भारत सरकार कोयला मंत्रालय नई दिल्ली के राजपत्र की प्रति अपलोड होना नहीं पाया गया है ।

उपरोक्त से ऐसा प्रतीत होता है कि आपके संस्थान के अधिकारी/कर्मचारी इस प्रकरण में आनलाईन प्रस्ताव को भरने में टाल–मटोल कर है गंभीरता पूर्वक नहीं भर रहे है। एक ही प्रकार की कमियों की पूर्ति के लिये आपके संस्थान को बार–बार लेख करना पड़ रहा है। अतः आप स्वयं इस प्रकरण में ध्यान देवे एवं आनलाईन प्रक्रिया को पूर्ण करावे।

13/7/2020

(सुनील अग्रवाल)
अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध)

Scanned with CamScanner

वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड/Western Coalfields Limited
मिनिरत्न कम्पनी(A Miniratna Company)
कोल इंडिया लिमिटेड की अनुषंगी कम्पनी(A Subsidiary of Coal India Limited)

150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

उपक्षेत्रीय कार्यालय, तानसी उपक्षेत्र
पता: तानसी माईन, कन्हान क्षेत्र, पो: रामपुर, व्या दमुआ
जिला: छिन्दवाड़ा, मध्य प्रदेश, पिन:480555
Email: tandsimine2011@gmail.com

Office of the Sub Area Manager, Tandsi Sub Area
Address: Tandsi mine, Kanhan Area, PO: Rampur, Via ; Damua Dist: Chhindwara, MP, PIN:480555
Phone: 07160-267055

संदर्भ सं: वेकोलि/क.क्षे./तानसी/प्रबंधक/2020 - दिनांक: -

प्रति,

श्रीमान अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध)
सतपुडा भवन, मध्यप्रदेश, भोपाल।

विषय :– वन (संरक्षण) अधिनियम 1980 के अन्तर्गत आवेदक संस्थाओ द्वारा नोडल अधिकारी स्तर पर प्राप्त होने वाले ऑनलाईन प्रस्ताव के संबंध मे –Tandsi Mine (206.826).

आपके पत्र क्रमाक /एफ–1/FP/MP/MIN/44238/2020/2262 भोपाल, दिनांक 16.07.2020 के अनुसार दी गई त्रुटि का स्पष्टीकरण :–

| क्र | त्रुटि | स्पष्टीकरण |
|---|---|---|
| 1 | अनु. क्र. C.(ii) (a) इस बिन्दु के संबंध मे उपक्षेत्रीय प्रबधंक, तानसी उपक्षेत्र, WCL द्वारा अपने पत्र क्र 1181 दिनांक 17.6.2020 से अवगत कराया है कि आवेदित वनक्षेत्र की KML File अपलोड कर दी गई है परन्तु आनलाईन प्रस्ताव क्र FP/MP/MIN/44238/2020 के फार्म ए का परीक्षण करने पर KML File इस बिन्दु मे अपलोड होना नही पाई गई है। | आनलाईन प्रस्ताव क्र FP/MP/MIN/44238/2020 के फार्म ए प्रस्ताव के प्रत्येक कालम को पूर्ण रुप से भरा जाता है तथा सेव एन्ड ड्राफ्ट तक सभी कालम भरे हुये दर्शाया जाता है लेकिन जेसे ही प्रस्ताव सबमिट किया जाता है तब कुछ कालम मे यह त्रुटि आ रही है इस संबंध मे भोपाल संस्थान के संबंधित अधिकारी/कर्मचारी से मोबाईल द्वारा जानकारी दी गई थी परन्तु उक्त त्रुटि का समाधान नही हो सका। |
| 2 | अनु. क्र. M-2(vii) मे इस बिन्दु के संबंध मे उपक्षेत्रीय प्रबधंक, तानसी उपक्षेत्र, WCL द्वारा अपने पत्र क्र 1181 दिनांक 17.6.2020 से अवगत कराया है रकबा 373 हेक्टर के स्थान पर आवेदित वन क्षेत्र की ही आउटर बाउण्डी की KML file अपलोड कर दी गई है। आनलाईन परिक्षण मे इस इस बिन्दु मे आवेदित रकबा 206.826 हेक्टर के स्थान पर 199.41 हे की KML file अपलोड होना पाया गया है। | संस्था द्वारा प्लान मे तथा KML file को गुगल अर्थ द्वारा रकबा परिक्षण किया गया जिसमे कम्पार्ट नं. पी. 400 रकबा 9.026 हे, पी. 401 रकबा 4 हे, पी. 409 रकबा 9.35 हे, पी. 410 रकबा 55.4 हे, पी. 413 रकबा 51.30 हे, पी. 414 रकबा 67.3 हे, पी. 422 रकबा 10.45 हे, है जिससे कुल वनभूमि 206.826 हे. होता है। |
| 3 | Additioonal information Details मे आपके संस्थान का उक्त संदर्भित पत्र क्र 1181 दिनांक 17.06.2020 अपलोड है परन्तु प्रस्तावित भूमि को अधिसूचित करने बाबत भारत सरकार कोयला मंत्रालय नई दिल्ली के राजपत्र की प्रति अपलोड होना नही पाया गया है। | प्रस्तावित भूमि को अधिसूचित करने बाबत भारत सरकार कोयला मंत्रालय नई दिल्ली के राजपत्र की प्रति अपलोड कर दिया गया है। |

उक्त त्रुटि को पूर्ण कर आपकी जानकारी एवं उचित कार्यवाही हेतू प्रेषित।

उपक्षेत्रीय प्रबंधक
तानसी उपक्षेत्र

Scanned with CamScanner